राम मेरे दाता मेरे

रब मेरे दाता मेरे,
राम मेरे दाता मेरे,
चाहे तुम रब कहो,
चाहे राम कहो,
मन को साफ रख,
बस तुम ध्यान करो,
करता पूरी मुरादें, है दाता
कर दे पूरी मुरादें, ए दाता
बिगड़ी सबकी बनादे, ए दाता॥

हो आस्था से जिसका भरा मन,
हो आस्था से जिसका भरा मन,
ना कष्ट कोई और ना हो अर्चन,
पथ ना सूझे कोई,
हाल ना पूछे कोई,
नैया पार लगा दे, ए दाता,
कर दे पूरी मुरादें, ए दाता,
बिगड़ी सबकी बनादे, ए दाता,
रब मेरे दाता मेरे,
राम मेरे दाता मेरे॥

तेरी नज़र मे सब है समान,
तेरी नजर में सब है समान,
ना रंक कोई और ना कोई महान,
ज्ञान है तेरा जिसे,
लोभ हो किसका उसे,
चित्त का तमस मिटादे, ए दाता,
मन में प्रकाश जगा दे, ए दाता,
कर दे पूरी मुरादें, ए दाता,
रब मेरे दाता मेरे,
राम मेरे दाता मेरे.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24265/title/ram-mere-daata-mere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |